प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 18.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

सवाईमाधोपुर में आज से अमरूद महोत्सव और कृषि तकनीक मेला आयोजित किया जा रहा हैं देश में पहली बार इस तरह के महोत्सव का आयोजन किया गया हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महोत्सव का उद्घाटन कियां श्री बिरला स्टॉल्स का अवलोकन कर किसानों से बातचीत कर रहे हैं वहीं कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने मीडिया को बताया कि मेले के दौरान कृषि और उद्यानिकी की नई तकनीकों, यंत्रों और प्रसंस्करण संबंधी कई आयोजन होंगें उन्होंने ज्यादा से ज्यादा किसानों से मेले में सहभागिता की अपील कीं कृषि मंत्री ने कहा कि जिले में अमरूद की बडे पैमाने पर खेती होती हैं ऐसे में यहां प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जायेगीं

....

राज्य विधानसभा के 28 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जयपुर में प्रेस वार्ता कीं उन्होंने कहा कि 16वीं विधानसभा के पांचवे सत्र में सदन की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार का कोई नया प्रावधान नहीं किया गया हैं प्रश्न पूछने की प्रकिया और अन्य व्यवस्थाओं में भी कोई बदलाव नहीं किया गया हैं केवल ऑनलाईन सुविधा जोडी गई हैं

....

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का उद्घाटन कियां इस अवसर पर मंत्री ने कारीगरों, शिल्पकारों और अन्य प्रदर्शकों से बातचीत कीं उद्घाटन समारोह में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थें इस प्रदर्शनी का उद्देश्य कारीगरों को अपने हस्तशिल्प उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और आमलोगों के सामने प्रदर्शित करना और बिक्री के लिए मंच उपलब्ध करवाना हैं देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सौ से अधिक कारीगर इस आयोजन में भाग ले रहे हैं यह आयोजन इस माह की 31 तारीख तक चलेगां

....

पोलैंड के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की जयपुर दौरे पर हैं वे जयपुर लिट्रेचर फेस्टिवल में शामिल हो रहे हैं श्री सिकोरस्की एक खास सत्र में भारत पौलेंड संबंधों और रूस यूक्रेन संकट सहित अन्य अंतर्राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार साझा कर रहे हैं तीन दिन के भारत दौरे पर आये पौलेंड के उप प्रधानमंत्री की पत्नी मशहूर लेखिका एनी भी उनके साथ हैं वहीं जेएलएफ के चौथे दिन आज 50 से अधिक सत्र और कई बुक लॉन्चिंग रखी गई हैं

....

एक स्टेशन एक उत्पाद योजना से रेल यात्रियों को सुविधाएं मिल रही हैं रेल मंत्रालय की इस योजना के तहत यात्रियों को स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों से जोडने के प्रयास किये जा रहे हैं इसका उद्देश्य यात्रियों को स्टेशन पर ही विश्वसनीय और प्रमाणिक स्थानीय उत्पाद उपलब्ध कराना और पारम्परिक कारीगरी को पहचान दिलाना हैं इसी कडी में कोटा के सोगरिया और न्यू कोटा स्टेशन पर अनुमोदित उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री व्यवस्था संचालित की जा रही हैं स्टेशन परिसर में की गई इस पहल से यात्रियों को स्थानीय उत्पाद देखने और खरीदने की सुविधा मिलती हैं

....

आज मौनी अमावस्या हैं प्रदेशभर में माघ अमावस्या के इस मौके पर पवित्र स्नान और दान पुण्य किया जा रहा हैं मंदिरों में भी भक्तो की भारी भीड हैं सवाईमाधोपुर जिले के रामेश्वर घाट स्थित त्रिवेणी संगम पर भी बडी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगा रहे हैं इस मौके पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे पुष्कर प्रवास पर रहेंगें वे खरेकडी रोड़ पर बनाये गये नये मंदिर का लोकार्पण करेंगें

....

बीसीसीआई ने फरवरी और मार्च में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी हैं हरमनप्रीत कौर टी–ट्वेंटी और एकदिवसीय दोनों सीरीज में भारत की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना को उप–कप्तान बनाया गया हैं

बल्लेबाज भारती फुलमाली को टी–20 अंतरराष्ट्रीय टीम में पहली बार शामिल किया गया हैं मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप चैंपियन भारतीय टीम इस दौरे पर तीन टी–20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगीं

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगीं इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 23 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगें

....